भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

Title:प्रेस विज्ञप्ति

Reference No.:-- **Date:**14/07/2020

स्वास्थ्य - देखभाल कर्मियों को कोरोना कवच के प्रीमियम में छूट

संदर्भ सं / **Ref. No:-** दिनांक / **Date:14-07-2020**

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>PRESS RELEASE</u>

-

स्वास्थ्य - देखभाल कर्मियों को कोरोना कवच के प्रीमियम में छूट

Discount in premium in Corona Kavach Policy to Healthcare Workers

जैसाकि आईआरडीएआई द्वारा अनिवार्य किया गया है, उन सभी 30 साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने, जो क्षतिपूर्ति आधारित स्वास्थ्य बीमा पेश करते हैं, `कोरोना कवच~ नामक वैयक्तिक कोविड-विशिष्ट मानक स्वास्थ्य पालिसी की पेशकश की शुरुआत कर दी है।

कोविड-19 से राष्ट्रीय लडाई में स्वास्थ्य-देखभाल क्षेत्र के योगदान के प्रति अभिस्वीकृति की भावना के रूप में बीमा कंपनियाँ, आईआरडीएआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संदर्भ में, डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य-देखभाल कर्मियों को ``कोरोना कवच~~ के प्रीमियम में 5% की छूट उपलब्ध कराएँगी।

सभी पात्र व्यक्ति `कोरोना कवच~ खरीदते समय यह छूट प्राप्त कर सकते हैं।

-